राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.3(ग)ए.सी.पी./1992 स्पे.–II/अलेसे–II/16369-70 दिनांकः– 30.09.2013

**कार्यालय आदेश संख्या ................../2013–14**

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.11 (7) एफडी/ रूल्स/ 2008/ दिनांक 12.09.08 एवं
दिनांक 06.10.08 एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ–14(88)एफडी(नियम) 2008–। दिनांक 31.12.09 के
अनुसरण में श्री मोहर सिंह मीणा जिनकी जन्मतिथि 04.07.1965 है जिन्होंने कनिष्ठ लेखाकार के पद पर परीक्षा
उत्तीर्ण कर दिनांक 23.01.1995 को कार्यग्रहण किया था तथा जिन्होने 18 वर्ष एवं अधिक की राजकीय सेवा
निरन्तर एवं संतोषजनक पूर्ण कर ली है, को कनिष्ठ लेखाकार के पद का द्वितीय ए.सी.पी. दिनांक 23.01.2013 से
पी.बी.–2, 9300–34800 पे–बैण्ड एवं ग्रेड–पे 4200/– स्वीकृत किया जाता है एवं वित्त विभाग (नियम अनुभाग)
के पत्रांक प.14 (88) वित्त (नियम) 2008 जयपुर, दिनांक 05.07.2013 के अनुसरण मे दिनांक 01.07.2013 से
ग्रेड–पे 4800/– स्वीकृत किया जाता है:–

उपरोक्त लेखाकार के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ.14 (88) एफडी
(नियम) 2008–। दिनांक 31.12.09 में दी हुई शर्तो के सम्बन्ध में संतोषजनक सेवा सम्बन्धी प्रमाण पत्र व सन्तान
सम्बन्धी घोषणा प्राप्ति के आधार पर ए.सी.पी. स्वीकृत किया जाता है।

उपरोक्त लेखाकार के वांछित वार्षिक कार्य–मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण वित्त विभाग के
आदेश प.14 (88) वित/नियम/08 दिनांक 27.07.12 द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर गत 9 वर्षों में से 7
वर्षों की एपीएआर व संतोषजनक सेवा एव प्रमाण पत्र प्राप्त होने के आधार पर उक्त ए.सी.पी. इस शर्त पर
स्वीकृत किया जाता है कि भविष्य में प्राप्त उक्त अवधि के वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन मे प्रतिकूल प्रविष्टि होने
पर प्रकरण पुनः खोला जावेगा तथा वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर ए.सी.पी. स्वीकृति के बारे मे
निर्णय लिया जाकर तदानुसार संशोधित कर दिया जावेगा।

उपरोक्त लेखाकार का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा 19, आदेश
दिनांक 06.10.2008 एवं एफ–14(88)एफडी(नियम) 2008–। दिनांक 31.12.2009 के अनुसार सम्बन्धित
कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से
सम्बन्धित लेखाकार की सेवापुस्तिका में की जावे। वेतन निर्धारण से पूर्व सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह
सुनिश्चित कर लिया जावे कि सम्बन्धित लेखाकार ए.सी.पी. स्वीकृत तिथि को राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित
वेतनमान) 2008 में पे–ग्रेड 3600 में वेतन प्राप्त कर रहे है तथा ए.सी.पी. स्वीकृति तिथि को इनके विरूद्ध कोई
विभागीय जांच लम्बित नहीं है।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.3(ग)ए.सी.पी./1992 स्पे.–II/अलेसे–II/16369-70 दिनांकः– 30.09.2013
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष..........................................................
2. श्री.......................................................लेखाकार, कार्यालय.......................................................
3. निजी सहायक निदेशक महोदय।
4. निजी पत्रावली मूल आवेदन सहित/गार्ड फाईल/गोपनीय अनुभाग/कम्प्यूटर अनुभाग (वेबसाईट हेतु)।

(के.एम. मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)

F:\Teekam Office Work\NEW 2012\S.M. Gupta Ji\ACP Order.doc